

# मल्टीलेवल पार्किंग छोड़ सड़क पर वाहनों का कब्जा

## शुल्क बचाने वाहन चालक फैला रहे अव्यवस्था, लोगों की बड़ी परेशानी

नवभारत प्रतिनिधि

**भोपाल. एमपीनगर की सड़कें आजकल गाड़ियों का बाजार बन चुकी हैं. सड़क पर न पैदल चलने की जगह है और न ही गाड़ियां चलाने की. शहर में लगभग 4 से 5 मल्टीलेवल पार्किंग जोन बनाये गए हैं.**

जिसमें एमपीनगर जोन 1, न्यू मार्केट, इब्राहिमपुरा, बैरागढ़ जैसे स्थान शामिल है. लेकिन इन सभी जगहों पर सड़कों पर सबसे अधिक गाड़ियां खड़ी नजर आती हैं. जिस पर नगर निगम और ट्रैफिक पुलिस की कार्यवाही का कोई असर लोगों पर नहीं दिखाई पड़ता. क्योंकि नगर निगम और ट्रैफिक पुलिस की कार्यवाही महीनों और हफ्तों में एक बार होती है. जो मात्र कुछ घंटों सिमट जाती है. कार्यवाही खत्म और लोगों की मनमानी वापिस शुरू हो जाती है. सड़कों के किनारे भारी संख्या में वाहन खड़े होने के कारण मार्ग में आवागमन बाधित होता है. कम जगह होने के कारण पैदल यात्रियों के साथ दुर्घटना की संभावना भी बढ़ जाती है.

### 1800 वाली मल्टीलेवल वाली पार्किंग में मात्र 60 गाड़ियां

एमपी नगर जोन 1 स्थित मल्टीलेवल पार्किंग में 800 दो पहिया वाहनों की क्षमता में केवल 150 वाहन खड़े होते हैं, जबकि 1800 चार पहिया की क्षमता में मात्र 50 से 60 वाहन खड़े नजर आये. पार्किंग मैनेजर मुकेश पांडेय ने बताया कि पार्किंग शुल्क बहुत ही कम रखा गया है, ताकि सभी चालक आराम से अपनी गाड़ियों को यहां खड़ा कर सकें. लेकिन फिर भी शाम होते ही पार्किंग के अंदर से ज्यादा तो बाहर सड़कों पर गाड़ियां खड़ी नजर आती हैं. जिसके कारण कई बार सड़कों से गाड़ी लगाने और निकालने में दुर्घटना जैसी स्थिति बनती है.



एमपी नगर जोन 1 की मल्टीलेवल पार्किंग को वाहनों का इंतजार

टीटी नगर स्थित न्यू मार्केट में मल्टीलेवल पार्किंग के बाहर रोजाना गाड़ियों का जमावड़ा लगा हुआ दिखता है. जिस पर नगर निगम समय-समय पर जाग कर कुछ घंटों की कार्यवाही करता है. उसके बाद वहीं नजारा फिर देखने को मिलता है. जो अव्यवस्था का बड़ा कारण बनती है. सड़कों पर वाहन खड़ा करने से हो रही दिक्कत में ट्रैफिक जाम और समय की बर्बादी हो रही है. सड़क का हिस्सा पार्किंग में बदल जाने से वाहनों के लिए गुजरने की जगह कम हो जाती है. मुख्य मार्गों पर 2 लेन में से 1 लेन पार्किंग की भेंट चढ़ जाती है, जिससे ट्रैफिक धीमा पड़ता है. पीक आवर्स पर जाम की स्थिति बन जाती है.



एमपी नगर जोन 1 की मल्टीलेवल पार्किंग के बाहर खड़े वाहन

> **खड़े वाहनों की जिम्मेदारी यातायात विभाग की**
>
> नगर निगम के अधिकारी प्रेम शंकर शुक्ला ने बताया कि सड़क पर खड़े वाहनों की जिम्मेदारी यातायात विभाग की होती है. ट्रैफिक पुलिस के सहयोग से नगर निगम वाहनों के अतिक्रमण पर समय-समय पर कार्यवाही करता है. जिसमें लोगों का चालान काटकर उन्हें समझाइश दी जाती है. जागरुकता के अभाव में भी कई बार लोग नियमों का उल्लंघन करते हैं, जिससे यातायात बाधित होता है.

### सड़क पर वाहनों के खड़े होने से समस्या

जब वाहन फुटपाथ या सड़क के किनारे खड़े होते हैं, तो पैदल चलने वालों को सड़क पर उतरना पड़ता है, जिससे दुर्घटना का खतरा बढ़ता है. खासकर बुजुर्ग, विकलांग और महिलाएं अधिक प्रभावित होती हैं.

बाइक, ऑटो या छोटे वाहन अचानक खड़ी गाड़ियों के पीछे से निकल आते हैं, जिससे टकराव होने की स्थिति बनती है. छिपी गाड़ियां खासकर मोड़ पर दृष्टि अवरोध बन जाती हैं. गाड़ियां खड़ी होने से सफाई वाहन, कचरा गाड़ी और पानी सप्लाई वाहन अपनी ड्यूटी ठीक से नहीं कर पाते हैं.

कई बार लोग दुकान के सामने गाड़ी खड़ी कर देते हैं, जिससे दुकान के पास लोगों को आने-जाने में जगह नहीं मिलती तो ग्राहक दूसरी जगह चले जाते हैं. स्कूल, अस्पताल या धार्मिक स्थलों के बाहर वाहन खड़े होते हैं, तो बच्चों, मरीजों और बुजुर्गों के लिए रास्ता बंद हो जाता है. इमरजेंसी सेवाओं में देरी होती है.

## एक नजर में

### अपहृत लड़के को पुलिस ने परिजनों को सौंपा

**भोपाल.** शहर के कमला नगर थाना पुलिस ने सोमवार को अपहृत नाबालिक लडके को उसके परिजनों को सौंप दिया. 2 अगस्त को सुंदर बघेल पति संजय बघेल नेहरु नगर ने बताया कि गत 1 अगस्त को उनका पुत्र घर से बिना बताये कहीं चला गया है. लड़के के परिजनों ने इस दौरान अशंका जताई की किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा उसका अपहरण कर लिया गया है. फरियादी की रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के विरूद्ध अपराध क्र 354/25 धारा 137 (2) बीएनएस का पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया.

### सीएम कल खिलाड़ियों का करेंगे सम्मान

**भोपाल.** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव मप्र शिखर खेल अलंकरण एवं 38वें नेशनल गेम्स 2025 के पदक विजेता खिलाड़ियों का सम्मान समारोह मंगलवार 5 अगस्त को होगा. रवीन्द्र भवन में शाम 5 बजे शुरू होने वाले सम्मान समारोह की अध्यक्षता खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास कैलाश सारंग करेंगे. समारोह में अपर मुख्य सचिव मनु श्रीवास्तव और संचालक खेल एवं युवा कल्याण राकेश गुप्ता भी शामिल होंगे. 11 खिलाड़ियों को एकलव्य पुरस्कार और 12 खिलाड़ियों को विक्रम पुरस्कार मिलेंगे.

### हावड़ा-भोपाल-हावड़ा ट्रेन पूर्ववत चलेगी

**भोपाल.** पूर्व रेलवे के आसनसोल मंडल के दुर्गापुर स्टेशन पर प्रस्तावित प्री-एनआई एवं एनआई कार्य को प्रशासन द्वारा स्थगित कर दिया गया है. अब ट्रेनों की सेवाएं बहाल कर दी गई हैं. इन ट्रेनों का संचालन अब अपने निर्धारित दिन, समय और मार्ग पर यथावत रूप से किया जाएगा. गाड़ी संख्या 13025 हावड़ा-भोपाल एक्सप्रेस, जो 15 सितंबर को हावड़ा से प्रस्थान करेगी. गाड़ी संख्या 13026 भोपाल-हावड़ा एक्सप्रेस 17 सितंबर को भोपाल से प्रस्थान करेगी.

# बिग बॉस में एंट्री के नाम पर 10 लाख ठगे

## डॉक्टर से मुंबई में धोखाधड़ी, मुख्य आरोपी प्रोड्यूसर और मॉडल

**भोपाल,04 अगस्त.**राजधानी भोपाल के एक नामी स्किन स्पेशलिस्ट डॉ. अभिनीत गुप्ता के साथ रियलिटी शो बिग बॉस में एंट्री दिलाने के नाम पर बड़ा फर्जीवाड़ा सामने आया है. आरोपियों ने डॉक्टर से कुल 60 लाख रुपये की मांग की थी, जिसमें से उन्होंने 10 लाख रुपये एडवांस के तौर पर हड़प लिए.

घटना तीन साल पुरानी है, लेकिन अब जांच पूरी होने के बाद मुंबई की चुनाभट्टी पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है. इस मामले में मुख्य आरोपी के रूप में कारण सिंह, फिल्म प्रोड्यूसर सोनू कुंतल और मॉडल प्रियंका बनर्जी के नाम सामने आए हैं. आरोपियों ने डॉ. गुप्ता को बिग बॉस की मेकिंग कंपनी एंडेमॉल के कथित वाइस चेयरमैन हरीश शाह से मुंबई में मिलवाया था. इसी मुलाकात के बाद डॉक्टर ने विश्वास कर 10 लाख रुपये एडवांस में दे दिए थे. जब बिग बॉस में एंट्री नहीं मिली, तो आरोपियों ने अन्य रियलिटी शोज़ में मौका दिलाने का झांसा देकर मामला टालने की कोशिश की. पुलिस के मुताबिक,इस ठगी में मुंबई के कई हाई-प्रोफाइल लोगों के नाम भी शामिल हो सकते हैं. फिलहाल जांच जारी है और जल्द ही आरोपियों पर सख्त कार्रवाई की बात कही जा रही है.

### ध्वनि प्रदूषण करने वाली मोटर साइकलि जब्त

**उधर,** शहर में पुलिस ने वाहन चेकिंग के दौरान ध्वनि प्रदूषण करने वाली एक मोटर सायकल की जब्त की है. सोमवार को टीटी नगर में पुलिस ने देर रात्रि पेट्रोलिंग के दौरान पाया कि एक चालक अपनी मोटर साइकल स्पीड में चला रहा है. वाहन में लगे साईलेंसर से तेज आवाज निकालकर वह ध्वनि प्रदूषण कर रहा है. पुलिस ने घेराबंदी कर मोटर साइकिल क्रमांक एमएच 12 एलएक्स 8333 को रोका.

## 31 तक ई-केवाईसी नहीं तो रुकेगी पेंशन

**भोपाल.** प्रदेश में पेंशनधारियों के लिए एक अहम सूचना सामने आई है. सामाजिक न्याय एवं दिव्यांग जन सशक्तिकरण विभाग ने सभी जिला प्रशासन, पंचायत सीईओ और नगर निगमों को निर्देश जारी किए हैं कि पेंशन के लाभार्थियों को 31 अगस्त तक ई-केवाईसी और जीवित प्रमाण पत्र अनिवार्य रूप से पूरा कराना होगा. ऐसा नहीं कराने पर संबंधित पेंशनधारियों की पेंशन होल्ड पर रख दी जाएगी और उनका खाता पोर्टल पर लॉक कर दिया जाएगा. राज्य के लगभग 3.5 लाख पेंशनधारियों ने अब तक ई-केवाईसी नहीं कराई है. एनआईसी द्वारा विकसित पेंशन पोर्टल में यह देखा गया है कि कई मामलों में पेंशनधारी मृत, पलायन कर चुके या अपात्र पाए गए हैं.

# सीएम हेल्पलाइन की शिकायतें पेंडिंग न रखें

## कलेक्टर सिंह ने ली समय-सीमा पत्रों की समीक्षा बैठक

नवभारत रिपोर्टर

**भोपाल, 04 अगस्त. कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने सोमवार को समय-सीमा पत्रों की समीक्षा बैठक ली. बैठक में कलेक्टर सिंह ने सभी विभागीय कार्यों को तय समयावधि में गुणवत्तापूर्वक पूर्ण करने के निर्देश दिए.**

उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि लापरवाही एवं ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी और प्रत्येक अधिकारी को अपने दायित्व का गंभीरतापूर्वक निर्वहन करना होगा. कलेक्टर ने सभी विभागों को निर्देशित किया कि सीएम हेल्पलाइन में प्राप्त शिकायतों शत प्रतिशत निराकरण किया जाए. ऐसा नहीं करने पर संबंधित अधिकारी के विरुद्ध कार्यवाही की जाएगी. सिंह ने 'हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता - स्वतंत्रता का उत्सव, स्वच्छता के संग' अभियान को सफलतापूर्वक संचालित करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने बताया कि यह अभियान तीन चरणों में संचालित होगा. प्रथम चरण 02 अगस्त से 08 अगस्त तक जिले में देशभक्ति के वातावरण एवं तिरंगे पर केंद्रित सार्वजनिक कार्यक्रम, प्रदर्शनी, रंगोली, तिरंगा सजावट एवं प्रकाश की व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी.



# पंकज त्यागी ने संभाला डीआरएम का कार्यभार

**भोपाल, 04 अगस्त. पमरे भोपाल मंडल के नए मंडल रेल प्रबंधक ( डीआरएम ) के रूप में पंकज त्यागी ने सोमवार को कार्यभार ग्रहण किया. उन्होंने यह दायित्व देवाशीष त्रिपाठी के स्थान पर संभाला. पंकज त्यागी भारतीय रेलवे के प्रतिष्ठित इंडियन रेलवे सर्विस ऑफ इंजीनियर्स के 1997 बैच के वरिष्ठ अधिकारी हैं.**

कार्यभार ग्रहण करने से पूर्व वे रेलवे बोर्ड, नई दिल्ली में कार्यकारी निदेशक (भूमि एवं अनुज्ञा) के पद पर पदस्थ रहे. त्यागी ने अपने रेलवे कैरियर की शुरुआत पूर्व रेलवे के मुगलसराय मंडल में सहायक अभियंता के रूप में की थी. अपने अब तक के सेवाकाल में उन्होंने अनेक महत्वपूर्ण पदों पर कार्य करते हुए प्रशासनिक एवं तकनीकी दक्षता का परिचय दिया है. इनमें कार्यकारी निदेशक (भूमि एवं अनुज्ञा), रेलवे बोर्ड; मुख्य परियोजना प्रबंधक, मेरठ (एनसीआरटीसी); निदेशक (सिविल इंजीनियरिंग योजना), रेलवे बोर्ड; तथा वरिष्ठ मंडल अभियंता (समन्वय), फिरोजपुर (उत्तर रेलवे) जैसे पद प्रमुख हैं.



त्यागी ने सिविल इंजीनियरिंग में डिग्री प्राप्त की है और उन्हें देश-विदेश में तकनीकी प्रशिक्षण का समृद्ध अनुभव है. उन्होंने सिंगापुर और मलेशिया में प्रबंधन प्रशिक्षण प्राप्त किया, साथ ही नॉर्वे और यूनाइटेड किंगडम में सुरंग निर्माण विषयक विशेष प्रशिक्षण भी लिया. उनकी उल्लेखनीय उपलब्धियों में भारतीय रेलवे की भूमि नीति का सरलीकरण तथा इससे संबंधित मास्टर सर्कुलर का प्रकाशन, भारत की पहली आरआरटीएस परियोजना (दिल्ली-मेरठ) के संरेखण, योजना एवं क्रियान्वयन का नेतृत्व, तथा रेलवे बोर्ड में निदेशक के रूप में रेलवे सुरक्षा कोष की स्थापना कर ट्रैक नवीनीकरण के लंबित कार्यों का समाधान सम्मिलित हैं.

## 11 पुलिसकर्मियों पर चालानी कार्यवाही

**भोपाल.** राजधानी में सड़क हादसों में कमी लाने और वाहन चालकों से यातायात नियमों का पालन कराया जा रही है. सोमवार को यातायात पुलिस द्वारा 'पहले स्वंय सुधरेंगे, फिर दूसरों को सुधारेगें' के तहत गणना के दौरान यातायात थाना में पदस्थ पुलिसकर्मियों पर चालानी कार्यवाही की गई, जो दो पहिया वाहन और चार पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट व सीट बेल्ट नहीं पहने हुए थे. ऐसे 11 पुलिसकर्मियों के खिलाफ चालानी कार्यवाही की गई.

## 34 कार्टून में ले जाई जा रही अवैध शराब जब्त

**भोपाल.** खजूरी सडक थाना पुलिस ने अवैध शराब के खिलाफ सोमवार को बड़ी कार्रवाई की. पुलिस ने 34 कार्टून में ले जाई जा रही अवैध शराब जप्त करते हुए आरोपियों की गिरफ्तारी की है. पुलिस के अनुसार इन कार्टूनों में 306 लीटर शराब जिसकी कीमती 1,67,800 रूपए और ईको स्पोर्ट कार कमांक एमपी-15-सीबी-6042 के साथ 03 आरोपी गिरफतार कुल कीमती 7,67,800 लाख रूपये का मशरूका जप्त किया गया.






**अनुशासन की सीख** ▶ राज्यपाल से मिले 77वें आरआर बैच के प्रशिक्षु आईपीएस

# जनता के बीच आपका भय नहीं, विश्वास जगाएं



**भोपाल, 4 अगस्त. राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कहा कि पुलिस के लिए जितना जरूरी कानून व्यवस्था बनाए रखना है, उतना ही जरूरी जनहितैषी छवि को पुख्ता बनाना भी है.**

इसलिए जरूरी है कि जनता के बीच आपकी उपस्थिति विश्वास का प्रतीक बने. राज्यपाल पटेल भारतीय पुलिस सेवा के 77वें परिवीक्षाधीन प्रशिक्षु अधिकारियों को संबोधित कर रहे थे. राजभवन में आयोजित कार्यक्रम में राज्यपाल के प्रमुख सचिव डॉ. नवनीत मोहन कोठारी और डीजीपी के प्रिन्सिपल स्टाफ ऑफिसर विनीत कपूर भी मौजूद रहे. भारत भ्रमण के तहत इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में मित्र राष्ट्र भूटान, नेपाल और मालदीव के अधिकारी भी शामिल हुए. राज्यपाल पटेल ने कहा कि पुलिस सेवा एक बड़ी जिम्मेदारी है, जिसमें अनुशासन, ईमानदारी, निष्पक्षता, संवेदनशीलता और जनसेवा समाहित है. पुलिस को आम जनता कानून व्यवस्था के रक्षक और न्याय दिलाने वाले के रूप में देखती है. उन्होंने कहा कि आईपीएस अधिकारी के रूप में मिलने वाली शक्तियां और विशेषाधिकार समाज के अंतिम पंक्ति के व्यक्ति की सेवा के साधन हैं.

> राज्यपाल पटेल ने कहा कि साइबर अपराध वर्तमान समय की बड़ी चुनौतियों में से एक है. इसमें कमी लाना आप सबकी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है. इसके लिए सतत जन जागरूकता और जन संवाद के नवाचार किया जाना आवश्यक है. उन्होंने कहा कि जब भी दूरस्थ क्षेत्रों में जाएं तो गरीब, वंचित और कमजोर वर्गों के प्रति आत्मीय और संवेदनशील रहें. अपनी शिक्षा और मेधा का उपयोग जनता की सेवा में करें.